असुरक्षा के साये में सैकड़ों शाला भवन

जिले में 960 प्रावि, मावि शाला भवनों में नहीं बाउण्ड्रीवॉल, झाडला में बाउण्ड्रीवॉल विहीन शाला

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/झाडला 08 दिसम्बर, सं. शिक्षा को बढ़ावा देने शासन द्वारा लाखों, करोड़ों रुपये लगाकर भव्य भवन निर्माण कराए/ जा रहे है वहीं दूसरी और धरातल पर हालात कुछ और ही नजर आते है. जिले की 960 प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों में सुरक्षा की दृष्टि से बाउण्ड्रीवॉल तक नहीं है. इससे हर समय असुरक्षा का भाव बना रहता है. अब इन असुरक्षित शालाओं को चोरों ने निशाना बनाना शुरु कर दिया है. बाउण्ड्रीवॉल विहीन नरसिंहगढ़ तहसील के झाडला के शासकीय स्कूल में विगत दिवस ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश वहां से एक इलेक्ट्रॉनिक डिजीटल बोर्ड चोरी कर ले गये.

शासन द्वारा शिक्षा के स्तर को काफी बेहतर करते हुए लाखों, करोड़ों की रुपये की लागत से नवीन भवनों का निर्माण कर शिक्षा के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है किंतु धरातल पर कई शासकीय स्कूल भवन ऐसे भी है जिनकी सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है. नरसिंहगढ़ तहसील के झाडला में ऐसे ही एक बाउण्ड्रीवॉल विहीन स्कूल से ताला तोड़कर चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है.

जानकारी के अनुसार ग्राम झाडला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में बाउण्ड्रीवॉल नहीं है, इससे कोई भी बाहरी स्कूल तक जा पहुंचता है. विगत दिवस रात्रि में स्कूल के मेन गेट का ताला तोड़कर यहां कक्षा में मौजूद एक इलेक्ट्रॉनिक डिजीटल बोर्ड अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये.



राज्य शिक्षा केन्द्र के पास अब नहीं आता है फंड

जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 तक राज्य शिक्षा केन्द्र के पास स्कूल भवनों की बाउण्ड्रीवॉल के लिए फंड आता था लेकिन इसके बाद फंड का प्रावधान समाप्त कर दिया गया. अब ग्राम पंचायतों को इसका अधिकार दिया गया है कि वह अपने पास मौजूद फंड में से स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल करा सकते है. इसके लिए केन्द्र शासन से भी फंड आने की बात कही जा रही है.

प्रबंधन कर चुका है शिकायत

प्रायः बाउण्ड्रीवॉल नहीं होने से स्कूल परिसर के यहां शाम होते ही नशा करने वाले एवं असामाजिक तत्वों की आवाजाही होने लगती है. स्कूल प्रबंधन द्वारा इसको लेकर विगत दिवस शिकायत भी की गई थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की संख्या 2108 है, इनमें से लगभग 960 शाला भवन में बाउण्ड्रीवॉल ही नहीं है. जबकि शालाओं में छोटे-छोटे बच्चे अध्ययन करने आते है. ऐसे में स्कूल में पढ़ने आने वाले बच्चों एवं स्टॉफ अपने आप को असुरक्षित एवं असहज महसूस करते है. साथ ही स्कूल भवन में चोरी का डर बना रहकर असामाजिक तत्वों एवं नशा करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है.

सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने लगाए चौके-छक्के

हरदा सांसद खेल महोत्सव के तहत जिला स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को नेहरू स्टेडियम हरदा में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, पी डब्ल्यू डी विभाग से रामशंकर सांगुले, खेल प्रशिक्षक सुश्री मोनिका मेहता व डॉ. पूनम सिंह गोदारा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रेडफ्लॉवर नकवाड़ा, शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन हरदा ए टीम, जिला क्रिकेट संघ हरदा बी टीम, शासकीय पीएम श्री महाविद्यालय हरदा के खिलाड़ी शामिल हुए। इस दौरान शा. चिकित्सालय एवं शासकीय महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भी क्रिकेट की ट्रायल दी। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएम श्री महाविद्यालय हरदा, दूसरा स्थान जिला क्रिकेट एसोसिएशन हरदा रहा.

भीषण ठंड से जनजीवन बेहाल, अलाव बेअसर

शाम होते ही अलाव जलाकर सर्दी से बचने के करते जतन

रात को जल्दी ही बाजार में पसर जाता सन्नाटा

नवभारत न्यूज

सीहोर 8 दिसंबर. इन दिनों सूबे सहित जिला भीषण सर्दी की मार से जूझ रहा है. रात में जहां हाड़कंपा देने वाली ठंड ने लोगों को बेहाल कर रखा है, वहीं दिन में बर्फीली हवाएं शरीर पर सुई की तरह चुभ रही हैं. सोमवार को अधिकतम तापमान 25.5 दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 6.5 दर्ज किया गया. सर्दी के बचने के लिए रात को बाजार में जल्दी सन्नाटा पसर जाता है. इतना ही नहीं जगह- जगह अलाव जलाकर लोग सर्दी से बचने के जतन करते हैं.

इन दिनों भीषण सर्दी ने जिले को चपेट में ले रखा है. दिसंबर माह की शुरुआत से ही न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे बना हुआ है, वहीं दिन का तापमान भी 27 डिग्री से ऊपर नहीं जा रहा है. ऐसे में लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है. दिनों दिन सर्दी के मुखर होते तेवरों ने लोगों को बेहाल कर रखा है. जिले में इस बार सर्दी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है. पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है, जिससे सुबह-शाम कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है. शहर के साथ ग्रामीण अंचल में भी तेज हवाओं और घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है.

बाजार, चौक-चौराहों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर अलाव ताप रहे लोगों की संख्या बढ़ गई है. इस बार अब तक नगर पालिका की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है.

अभिभावकों का कहना है कि सीहोर में सुबह की ठंड सामान्य से कहीं अधिक है, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना जोखिम भरा हो गया है.

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खांसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिए व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं. सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, सामाजिक दूरी, मास्क पहनना आवश्यक है, ताकि संक्रमण न फैले.

पात्र बेटियों के खोले जाएंगे सुकन्या समृद्धि खाते

26 जनवरी तक संपूर्ण सुकन्या होगा हरदा जिला

नवभारत न्यूज

हरदा, 08 दिसम्बर 2025 जिले की बेटियों का उज्जवल एवं समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिये जिले की शतप्रतिशत पात्र बेटियों के आगामी 26 जनवरी 2026 तक सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने का काम हाथ में लिया गया है।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के मैदानी अधिकारियों को पात्र बेटियों का चयन कर उनके पोस्ट ऑफिस में सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में पोस्ट ऑफिस अधीक्षक श्री अमित कुमार व्यास ने बताया कि इस योजना में 250 रूपये की न्यूनतम राशि के साथ खाता खोला जा सकता है।

खाता 10 वर्ष तक की आयु की बालिका के माता-पिता/अभिभावक द्वारा खोला जा सकता है। एक बालिका के लिये केवल एक खाता स्वीकार्य है और एक परिवार में केवल 2 खाते ही स्वीकार्य है। उन्होने बताया कि एक वर्ष में न्यूनतम 250 रूपये और अधिकतम 1.5 लाख रूपये जमा किया जा सकता है। खाता खोलने के 21 वर्ष पर परिपक्वता होती है।

कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण के मामले 30 दिन के भितर निराकृत किये जाएं। अनावश्यक प्रकरणों को लंबित न रखा जाए। इस दौरान सीमांकन, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, राजस्व वसूली एवं सायबर तहसील में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

सर्वतोभद्र जिनालय में 14 को लगेगी चाबी

सागर. भाग्योदय तीर्थ में बन रहे सर्वतोभद्र जिनालय के पहले खंड के गर्भग्रह की चाबी 14 दिसंबर रविवार को सुबह 8 बजे मुनि श्री निष्कंप सागर महाराज, मुनि श्री निष्कामसागर महाराज के सानिध्य में लगाई जाएगी. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि 6 वर्ष पहले मंदिर का शिलान्यास आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में हुआ था अब तक लगभग 4 लाख 75 हजार घनफुट पत्थर लगाया जा चुका है और मार्च माह तक 50000 घनफुट पत्थर और लगाया जाना प्रस्तावित है. पहले खंड का कार्य मार्च तक पूर्ण हो जाएगा जबकि प्रथम तल के चारों ओर दीवाल बनाने का कार्य जारी है.

जीवन में संयम लाने के लिए भागवत पढ़ें

खिमलासा व खुरई के सेवन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, नशे से दूर रहना होगा

नवभारत न्यूज

खुरई 8 दिसंबर. भगवान श्री कृष्ण का जन्म कारागाह में हुआ था और उन्हें जन्म के बाद ही नदी पार करा के गोकुल ले जाया गया, उन्होंने कम आयु में असुरों से युद्ध किया, कम आयु में ही उन्होंने घर का त्याग किया और उज्जैन में शिक्षा प्राप्त की.

उनका जीवन हमेशा संघर्ष मय था परन्तु उन्होंने धर्म, धैर्य और संयम यह तीन सूत्र हम सभी को दिए. दशहरा मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में शामिल युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने विचार रखे.

श्री सिंह ने कहा कि आज के समय में संयम और कभी क्रोध न आना बहुत अर्थपूर्ण है, हमें अगर जीवन में संयम लाना है तो श्री रामचरित मानस, श्रीमद भागवत कथा पढ़ना चाहिए, इन से ही हमारे अंदर संयम और धैर्य आता है, उन्होंने कहा कि हम हमेशा धर्म के साथ अपना कर्म करते चलें। जो कुछ होगा हमेशा अच्छा ही होगा यह भावना हमारे अंदर होनी चाहिए. हमारे अंदर यह भावना भी होनी चाहिए कि यह जिन भगवान श्री कृष्ण ने हमें अभी तक संभाला है वह आगे भी संभाल लेंगे.

झोलाछाप चिकित्सक सड़क पर खुलेआम कर रहा इलाज

सारनी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिक पर इलाज करने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रहती है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी हॉस्पिटल पाठाखेड़ा (सारनी) में शाम पांच बजे ताला लग जाता है। इसी वजह से शहर तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों को झोलाछाप डॉक्टरो से इलाज करना पडता है। आरोप है कि इन झोलाछाप डॉक्टरो को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। बताया जाता है कि मुख्य शापिंग सेंटर में दंत चिकित्सक रोड पर कई साल से दांतो का इलाज कर रहा है।

एक नजर में

पुलिस पेंशनर संघ की बैठक आयोजित

सागर. पुलिस पेंशनर संघ की बैठक रिटायर्ड डीएसपी वीरेंद्र बहादुर सिंग के रिछावर स्थित कृष्णाश्रय पर हुई. बैठक के दौरान सभी ने अपने-अपने विचार रखे. रिटायर्ड डीएसपी रंजन तिवारी ने संघ के हित में अनेक मुद्दों पर राय दी. संचालन रिटायर्ड डीएसपी और संघ के सचिव केके रजक ने किया. आभार संघ अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी ने जताया. बैठक में, मनोज वर्मा, डीआर कोरी, वीर सिंग ठाकुर, अरुण दुबे, रघुवीर सिंह राजपूत,रणछोड़ी मिश्रा, भरत सिंह, जाहर सिंह, नरेंद्र सिंह, दिलीप पांडे, लज्जाशंकर मिश्रा, रविशंकर दुबे, जेके दीक्षित, शोभाराम राय, मनोज वर्मा,आरके गौतम,एसएस गिरी, संकटा प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे.

22 को जाएगी तीर्थ दर्शन यात्रा

टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के तीर्थ यात्रियों को 22 दिसम्बर को रामेश्वरम्-मुदरई यात्रा जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक पात्र हितग्राही इस यात्रा में रामेश्वर मुदरई जाने हेतु अपना आवेदन पत्र 8 दिसम्बर तक संबंधित जनपद पंचायत,नगर पालिका,नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत यदि एक ही व्यक्ति द्वारा जनपद,नगर परिषद में पृथक-पृथक आवेदन किया गया है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है।

विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिख की अनेक मांगें

विदिशा, माधवराव सिंधिया के नाम से संचालित जिला चिकित्सालय परिसर में श्रीमंत माधवराव सिंधिया की प्रतिमा स्थापित किए जाने एवं शहर के प्रमुख नालों के डाइवर्जन हेतु सर्वे कराए जाने को लेकर विधायक मुकेश टंडन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया है .विधायक टंडन ने विदिशा शहर के प्रमुख नालों पुराना जिला चिकित्सालय से बांसकुली, बालकदास की तलैया होते हुए गर्ल्स स्कूल डंडापुरा की ओर जाने वाले नाले तथा गुलाब वाटिका से प्रारंभ होकर सिंधी कॉलोनी होते हुए पटेल गार्डन की ओर जाने वाले नाले का सर्वे कराकर उन्हें डाइवर्ट किए जाने का आग्रह किया है .इस संबंध में लिखे गए पत्र में विधायक ने लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी, पीएचई विभाग, सिंचाई विभाग एवं नपा के इंजीनियरों की संयुक्त टीम गठित किए जाने का अनुरोध किया है, ताकि नालों से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जा सके .विधायक ने दोनों नालों के डाइवर्जन हेतु शीघ्र सर्वे कराकर प्रभावी व स्थायी समाधान सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया है.

कुशवाह समाज की हुई बैठक

गंजबासौदा, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में कुशवाहा समाज की जिला बैठक आज कुरवाई में संपन्न हुई .बैठक में तय हुआ की समाज का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन गंजबासौदा में 1 फरवरी को संपन्न होगा. बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा ,समाज में व्याप्त कुरीतियां , संगठन को मजबूत करने संबंधी आदि विषयों पर भी चर्चा हुई एवं कुरवाई तहसील अध्यक्ष के रूप में श्री महेश कुशवाह को नियुक्त किया गया .बैठक में नारायण सिंह कुशवाहा , जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, फूल सिंह, धनराज,सीता राम जी, रेवाराम जी महिला महासभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती दीपा कुशवाहा रेवाराम , कैलाश , लक्ष्मी गिरीश , सुनील, राधे श्याम ,बुंदेल सिंह , पहलवान,भगवान सिंह, धन सिंह , मखन सिंह,राजेश उपस्थित रहे .आभार व्यक्त पूर्व अध्यक्ष खिलान सिंह ने किया .बैठक का संचालन महामंत्री कैलाश कुशवाहा ने किया.

शुल्क देने के बाद भी किसानों को नहीं मिल रहा पानी

करोड़ों की परियोजना नहीं दे पा रही उचित लाभ

फसल सूख रही, परेशान हो रहे किसान

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 08 दिसम्बर, सं. शासन द्वारा जिले में कुंडलिया एवं मोहनपुरा डेम जल परियोजना का क्रियान्वन किया गया,ताकि आसपास क्षेत्र की भूमि सिंचित हो सके. इसके बदले किसानों के द्वारा एक निर्धारित शुल्क राशि जमा की जाती है किंतु कई जगह शुल्क राशि जमा करने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है. ऐसा ही मामला खिलचीपुर तहसील के ग्राम गादयाकला में सामने आया है. यहां शुल्क जमा करने के बाद भी पानी नहीं मिलने से फसलें सूखने की कगार पर है.

डेम परियोजना द्वारा आसपास क्षेत्र में भूमि सिंचित करने हेतु निर्धारित शुल्क रखा गया है जो प्रति हेक्टेयर पानी देने के बदले जमा कराया जाता है परन्तु गादयाकला में किसानों ने लगभग 1 महीने पहले शुल्क रसीद कटा ली. लेकिन कुंडलिया परियोजना की लाइन में टूटफूट होने से खेतों में आज दिनांक तक पानी नहीं पहुंचा है.

पानी के अभाव में सूखने लगी फसलें

किसानों का कहना है कि उनके द्वारा नियमानुसार रसीद कटवा ली गई किंतु अभी तक पानी नहीं मिला है, फसलें सूख रही है. किसान प्रभुलाल, रूप सिंह वर्मा, रतन सोंधिया, चंदरसिंह राव, भगवान सिंह, कंवरलाल वर्मा, बद्री लाल सैनी आदि का कहना है कि हमारी फसल सूख चली है. कुंडलिया डेम परियोजना से हमें अभी तक पानी नहीं मिला है.

सड़कों पर बह रही है नालियों की गंदगी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 8 दिसम्बर, दर्द बढ़ता ही गया,ज्यों ज्यों दवा की. नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था के नाम पर प्रति माह लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं इसके बाद भी स्थिति में सुधार दिखाई नहीं दे रहा है.नगर पालिका परिषद द्वारा कचरा उठाने के नाम पर प्रतिमाह 16 लख रुपए ठेकेदार को दिए जा रहे हैं.इसके बाद भी कचरा गाड़ियां गली मोहल्ले में समय पर नहीं पहुंचती और नियम शर्तों का खुलेआम उलंघन हो रहा है.

कुछ गाड़ियां खराब पड़ी है कोई देखने सुनने वाला नहीं है ठेकेदार के आदमी कचरा गाड़ी को पिछड़ी बस्तियों में समय पर नहीं ले जाते मजदूर लोग कम पर निकल जाते हैं और कचरा इधर-उधर फेंक देते हैं कचरा गाड़ी का समय निर्धारित होना चाहिए ताकि सभी को पता रहे की कचरा गाड़ी इस समय आएगी ठेकेदार के आदमी अपने ही तरीके से वाहन चलाते हैं. पतली गलियों में नहीं जाते जबकि आसानी से वहां से वाहन निकल सकते हैं परंतु वाहन चालक किसी की बात नहीं सुनते इसी बात को लेकर कई बार लोगों से विवाद होते हैं जब कचरा नहीं उठा रहे तो हर महीने भुगतान लेने का क्या अधिकार है.

पार्षद शिकायत करते हैं उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी हैं .इसके चलते ठीक से सफाई नहीं हो पाती नालियों का पानी सड़कों पर बेहता रहता है .लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है धर्म प्रेमी श्रद्धालु जो मंदिर जाते हैं उन्हें गंदगी के ऊपर से निकालना पड़ता है .नगर के कुछ ही वार्ड ऐसे हैं जहां नियमित रूप से सफाई नहीं होती गरीबों की बस्तियों में हालात देखते ही बनती है.

युवक पर बरसाई लाठियां और लोहे की रॉड

गुना। गुना में चाय कॉफी और बेकरी जैसी खाने पीने की दुकानों पर आए दिन युवाओं के बीच झगड़ा और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है।

ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के भुल्लनपुरा इलाके का है। यहां रविवार रात लगभग 9.30 एक युवक और उसके साथियों को दो लोगों ने इतनी बुरी तरह पीटा की देखने वालों के रोंगटे खड़े हो जाए। जानकारी सामने आई है कि आरोपी रोहन नगर और अरुण राय का पुरानी रंजिश को लेकर महावीरपुरा में रहने वाले विशाल जाटव और उसके भाई रोहित के साथ विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों आरोपियों ने रविवार देर शाम विशाल के भाई रोहित जाटव और उसके साथ दीपक अहिरवार के साथ मारपीट शुरू कर दी जिसकी जानकारी विशाल को मिली तो वह बीच बचाव आपके लिए मौके पर पहुंच गया। इसके बाद आरोपी और ज्यादा भड़क गए उन्होंने लाठी डंडे और एक लोहे की रोड निकाल ली। इन घातक हथियारों से दोनों आरोपियों ने विशाल और उसके भाई को लगातार पीटना शुरू कर दिया आरोपी इतनी बेरहमी के साथ मारपीट कर रहे थे कि देखने वाले लोग भी कांप उठे। लेकिन दोनों भाइयों को पिटता देख उन्हें बचाने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पाया।

बाद में दोनों आरोपी अपनी दबंगई दिखाते हुए मौके से निकल गए। शहर कोतवाली पुलिस ने फरियादी विशाल जाटव निवासी महावीरपुरा की शिकायत पर आरोपी अरुण राय और रोहन नगर के खिलाफ फिर दर्ज कर ली है।

खाद चोरी के मामलें में अपराध पंजीबद्ध

टीकमगढ़। मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र जतारा गल्ला मण्डी जतारा से अजात व्यक्तियों द्वारा 25 बोरियां चोरी कर लेने के संबंध में प्रथम दृष्टया अपराध धारा 303 (ई) बीएनएस पाये जाने पर जतारा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर बिबेचना में लिया गया। विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र जतारा जतारा में गोदाम प्रभारी ने फरियादी रामकुमार सोनी पिता सरमन कुमार सोनी द्वारा थाना जतारा में एक लिखित आवेदन पत्र मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र जतारा गल्ला मण्डी जतारा से अजात व्यक्तियों द्वारा 25 बोरियों चोरी कर लेने के संबंध में पेश किया गया.

डाक्टरों का अभाव डॉक्टरों के अभाव में नहीं मिल रहा लोगों को बेहतर इलाज

स्टाफ की कमी से जूझ रहा ट्रामा सेंटर का आईसीयू वार्ड

नवभारत न्यूज

टीकमगढ। जिला कई क्षेत्रों में पहले से ही पिछड़ा हुआ है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन दिनों सबसे ज्यादा बीमार चल रहा है। टीकमगढ़ के जिला चिकित्सालय में सरकारी डॉक्टरों का आभाव होने से गरीब लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते उन्हें निजी अस्पतालों और झांसी, ग्वालियर की ओर मजबूरी में रूख करना पड़ रहा है।

हालाकि बीते माह प्रदेश सरकार ने जिला अस्पताल को 500 सौ बिस्तर की सौगात दी है ऐसे में अस्पताल को चिकित्सकों की कमी खल रही है। ट्रामा सेंटर का आईसीयू वार्ड स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

दरअसल जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के कई पद खाली हैं, तो वहीं पीएससी और सीएससी सेंटरों पर विशेषज्ञों के पद रिक्त हैं। इसके अलावा सेकेड क्लास चिकित्सा अधिकारी के पद भी काफी रिक्त है। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के कई पद महीनों से खाली हैं। हालत यह है कि जिले के पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पतालों में स्वीकृत पदों के अनुसार विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है। डॉक्टरों की कमी का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ रहा है। साधारण से गंभीर तक हर तरह की बीमारी में मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज और झांसी क्षेत्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे न केवल इलाज की सुविधा सुधरेगी बल्कि दूर-दराज के मरीजों को समय रहते जीवनरक्षक उपचार मिल सकेगा।

मौसमी बीमारियों में मरीजों में इजाफा

जानकारी के मुताविक जिला चिकित्सालय में इन दिनों डिहाईड्रेशन, खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त, पेट दर्द एवं वायरल बुखार होने के मरीजों की संख्या में एक साथ इजाफा हुआ है। जिसमें सबसे ज्यादा उल्टी,दस्त, खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीज आ रहे है। चिकित्सा विभाग मरीजो के इलाज में जुटा है। अस्पताल डॉ. अजीत जैन ने बताया पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते लोग बीमार हो रहे है। इसके अलावा सुबह शाम ठंड़क होने के कारण भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह 9 बजे से ही मरीजों की कतारें लगना शुरू हो जाती है।

रोजगार मेले में 700 पदों पर होगी भर्ती

सीहोर. युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे. रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा.